S.Y.B.A. (Sem-IV) April-2023

Hindi Paper-II (Adhunik Hindi Gadya) **Q.P. Code:00000574**

**[समय: ३ घंटे]** **[पूर्णांक : १०० ]**

**कृपया जांचें कि आपको सही प्रश्न पत्र मिला है या नहीं |**

**सूचनाएँ :**
1. **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |**
2. **दायीं ओर के अंक पूर्ण अंक दर्शाते हैं |**
3. **उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक व उप क्रमांक अवश्य लिखे |**

**प्रश्न १. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए |** **(२७)**

(क) "मेरी तो पच्चीस कीमती राते सुहाने सपने देखते देखते गुजर गई थी, जब मैंने यह कहानी लिखी थी | मगर आज वे सपने कहाँ दिखाई देते है? वे पूरी तरह टूट चुके है |"

अथवा

"जंगल तन्त्र' की राजभाषा जंगली भाषा होगी, पर अभी काम चलाने के लिए मोर भाषा का प्रयोग उस समय तक किया जायगा, जब तक कि जंगली भाषा का पूरा विकास नही हो जाता |"

(ख) "किस्सा आगे बड़ता है | फिर जो कुछ घटता है, वह लोहे की नहीं बल्कि समाज को पारस से छुआने का किस्सा बन जाता है |"

अथवा

"वे योजना बनाते थे, कुल काम की लागत निकालते थे, काम में लगने वाली सारी सामग्री जुटाते थे और इस सब के बदले वे अपने जजमान से ऐसा कुछ नही मांगते थे जो वे न दे पाएँ |"

(ग) "कब सुना था यह अट्टाहस? वर्षों पहले युगों पहले | किन्तु हम इसे भूल नहीं सके | आज भी हमे सुने पड़ता है - वैसा ही व्यंग्यमय, तिरस्कार भरा | रोम रोम को अपमानित, लांछित करता - सा |"

अथवा

"मेरे लिए तुम दोनों ही समान थे | मैंने निश्चय किया, तुम दोनों में जो भी राजा बनेगा, उससे मैं अपना अधिकार छिनने का प्रतिशोध लूँगा |"

**प्रश्न २. निम्न लिखित प्रश्नों के दीर्घोत्तरी उत्तर लिखिए |** **(३६)**

(च) 'जंगल तन्त्रम' उपन्यास का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए |

अथवा

'जंगल तन्त्रम' उपन्यास के आधार पर सिंह, मोर, नाग और चूहा का चरित्र चित्रण कीजिए |

(छ) ‘आज भी खरे है तालाब’ निबंध के लेखक अनुपम मिश्र की अनूठी और बेजोड़ रचना है | कैसे? निबंध के आधार पर लिखिए |

अथवा

'तालाब बांधता धरम सुभाव' निबंध में लेखक ने किस प्रकार तालाब को धरम सुभाव से जोड़ा है ?

(ज) 'कथा एक कंस की' नाटक की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए |

अथवा

'कथा एक कंस की' नाटक के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहते है | स्पष्ट कीजिए |

**प्रश्न ३. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए |** **(१२)**

(ब) 'जंगल तन्त्रम' उपन्यास में निहित समस्याओं पर प्रकाश डालिए |

अथवा

'नीव से शिखर तक' निबंध के आधार पर तालाब की संरचना पर प्रकाश डालिए |

अथवा

'कथा एक कंस की' नाटक के आधार पर अस्ति का चरित्र चित्रण कीजिए |

**प्रश्न ४. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए |** **(१५)**

(प) 'जंगल तन्त्रम' उपन्यास का चूहा |

अथवा

'जंगल तन्त्रम' उपन्यास का नाग |

(फ) 'पाल किनारे रखा इतिहास' में तालाब का इतिहास |

अथवा

'आज भी खरे है तालाब' निबंध की महत्ता |

(भ) 'कथा एक कंस की' नाटक में देवकी |

अथवा

'कथा एक कंस की' नाटक में प्रद्योत |

**प्रश्न ५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए |** **(१०)**

१. 'जंगल तन्त्रम' उपन्यास कब प्रकाशित हुआ?

२. 'जंगल तन्त्रम' उपन्यास में मोर किसका प्रतीक है?

३. 'जंगल तन्त्रम' उपन्यास में पच्चीस राते किसका प्रतीक है?

४. 'जंगल तन्त्रम' उपन्यास में नाग का गोदाम लूटकर किसने उसमें आग लगाई?

५. 'आज भी खरे है तालाब' में कूडन की बेटी को रास्ते में क्या मिला?

६. अनपूछी ग्यारस को कौनसा काम शुरू होता है?

७. तालाब की रक्षा कौन करता है?

८. ‘कथा एक कंस की’ नाटक का सर्वप्रथम मंचन कब और कहाँ हुआ?

९. जरासंध ने कंस को कौनसी जिम्मेदारी दी थी?

१०. कंस ने अपने राज्य में किस पर प्रतिबन्ध लगाया था?